एंपइन एनर्जी ट्रांजिशन पूर्वी भारत को नवीकरणीय ऊर्जा से विद्युतीकृत करने को तैयार

कोलकाता. एंपइन एनर्जी ट्रांज़िशन, 3,100 करोड़ रुपये के निवेश के साथ पूर्वी क्षेत्र में भारत के बिजली परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए तैयार है. यह निवेश लगभग 600 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं और सौर कोशिकाओं व मॉड्यूल की एक एकीकृत विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए है. कंपनी की पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पूर्वोत्तर राज्यों में महत्वपूर्ण निवेश की योजना है. कोलकाता में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कंपनी एमडी और सीइओ पिनाकी भट्टाचार्य ने यह जानकारी दी.